

एक नजर में

## एसपी ने दिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश




**बड़वानी।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने शुक्रवार को एसपी ऑफिस में थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में एसपी शुक्ल ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में अपराधियों और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दृश्यमान पुलिसिंग व सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासित रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। एसपी शुक्ल ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने और चोरी गए माल की शतप्रतिशत रिकवरी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अवैध शराब, सट्टा, जुआ, अवैध हथियारों के निर्माण व परिवहन तथा गौवंश तस्करी में लिप्त माफियाओं पर जिला बदर और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) जैसी कठौर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी ने सीएम हैल्पलाईन, जनसुनवाई और विशेष रूप से महिला-बालिका संबंधी लंबित मामलों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा नाबालिगों की दस्तयाबी के लिए कड़े निर्देश जारी किए एवं वर्षाकाल के मद्देनजर बाढ़ प्रभावित पुल-पुलियाओं पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने और सोशल मीडिया की अफवाहों पर कड़ी निगरानी रखने की हिदायत भी दी गई। बैठक में एएसपी धीरज बब्बर, सेंधवा एसडीओपी अजय वाघमारे, डीएसपी (अजाक) निलेश्वरी डावर, रक्षित निरीक्षक चेतन बघेल, उषा सिसोदिया सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साथिया ट्रेनिंग का किया आयोजन

**पानसेमल।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 12 से 17 जुलाई तक 6 दिवसीय साथिया प्रशिक्षण स्थल उपस्वास्थ्य केंद्र बंधारा खुर्द में हुआ। प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पानसेमल के मोयदा सेक्टर के 26 साथिया (किशोर-किशोरी), 13 आशा कार्यकर्ता व आशा सुपरवाइजर रविता परमार ने भाग लिया। आरकेएसके परामर्शदाता कंचन बडोले और मास्टर ट्रेनर सोनुसिंह दंडोतिया तथा हेमलता भाभर ने किशोर किशोरियों को मुख्य बिंदू पीयर एजुकेटर (साथिया) की भूमिका, बड़े होना, बचपन से किशोर अवस्था तक सही पोषण, आहार, एनीमिया, सिकल सेल, संचारी और असंचारी बीमारियां और किशोरों का टीकाकरण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, चोट एवं हिंसा तथा उनकी रोकथाम, सोशल मीडिया व इंटरनेट का सूरक्षित उपयोग, मानसिक स्वास्थ्य मनहित ऐप, नशे के दुष्प्रभाव, जलवायु परिवर्तन को समझना और उस पर कार्य करना आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया। वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार शिरोडे, बीसीएम मनीष चौहान, राकेश बरडे तथा बीएमओ डॉ राजेश ढोले ने भी मार्गदर्शन दिया। साथिया जैकेट कैप, बैग व अन्य सामग्री तथा आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर को साथिया प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

# धरती आबा योजना में बड़ा खेल, भुगतान पर उठे प्रश्न

**बड़वानी, (नवभारत)।** प्रधानमंत्री जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान (धरती आबा योजना) के तहत बड़वानी जिले में शेडनेट हाउस निर्माण कार्यों में करोड़ों रुपये की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है।

बड़वानी विधायक राजन मंडलोई ने आयुक्त, भोपाल को तीन पृष्ठों का विस्तृत शिकायत पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने, सभी भुगतान तत्काल प्रभाव से रोकने और दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### ये हैं विधायक की प्रमुख मांगें

बड़वानी सहित प्रभावित जिलों के सभी शेडनेट हाउस निर्माण कार्यों की स्वतंत्र एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।
जांच पूरी होने तक संबंधित सभी भुगतान तत्काल प्रभाव से रोक दिए जाएं।
दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों, एजेंसियों एवं कंपनियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।
दोषी एजेंसियों और कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर भविष्य के सरकारी कार्यों से प्रतिबंधित किया जाए।
वास्तविक पात्र आदिवासी हितग्राहियों को योजना का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए।

### आंकड़ों में पूरा मामला

पत्र के अनुसार बड़वानी विधानसभा क्षेत्र में कुल 4 शेडनेट हाउस पोर्टल पर पूर्ण दर्शाए गए हैं, जिनमें 2 शेडनेट हाउस की स्वीकृत लागत 25.56 लाख प्रति इकाई। इसी तरह 2 शेडनेट हाउस की स्वीकृत लागत 12.78 लाख प्रति इकाई। इसके अलावा राजपुर तहसील में 1 शेडनेट हाउस भी 12.78 लाख की लागत का पूर्ण दर्शाया है। इस प्रकार जिले में कुल 5 शेडनेट हाउस पूर्ण दिखाए गए हैं, जिनकी कुल स्वीकृत राशि 10224000 (एक करोड़ दो लाख चौबीस हजार रुपये) है। विधायक का आरोप है कि इन कार्यों की वास्तविक स्थिति और पोर्टल पर दर्ज प्रगति में भारी अंतर है।

विधायक ने पत्र में कहा है कि धरती आबा योजना के अंतर्गत आदिवासी हितग्राहियों के लिए स्वीकृत शेडनेट हाउस निर्माण कार्यों में गंभीर वित्तीय गड़बड़ियां हुई हैं। कई हितग्राहियों से प्राप्त शिकायतों और मौके पर मिली जानकारी के आधार पर यह सामने आया कि जिन निर्माण कार्यों को विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर पूर्ण दिखाया गया है, उनमें से कई कार्य धरातल पर अभी भी अधूरे हैं। इसके बावजूद संबंधित एजेंसियों के भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विधायक ने इसे शासन की पारदर्शिता और जनकल्याण कारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न बताया है।

### विवादित एजेंसियों को मिला काम

शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि निर्माण कार्य करने वाली कुछ एजेंसियों और कंपनियों का पूर्व रिकॉर्ड भी विवादित है। इनके खिलाफ ब्लैकलिस्ट जैसी कार्रवाई की जा चुकी है। इसके बावजूद उन्हीं एजेंसियों को दोबारा सरकारी कार्य देना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और मिलीभगत की ओर संकेत करता है।

## अब 4 माह नहीं बजेगी शहनाइयां




**बड़वानी, (नवभारत)।** 12 जुलाई को अंतिम शुभ विवाह मुहूर्त के साथ ही शहनाइयों की गूंज थम गई। अब लगभग चार माह तक जिले में विवाह सहित अधिकांश मांगलिक कार्य नहीं होंगे। 12 जुलाई को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समारोह की रौनक देखने को मिली। बाजारों में भी कपड़े, आभूषण, उपहार, टेंट, कैटरिंग और अन्य विवाह सामग्री की खरीदारी जोरों पर रही।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार 25 जुलाई देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ होगा। इस अवधि में भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं। इसलिए विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत, मुंडन सहित अन्य मांगलिक संस्कार नहीं किए जाते। अब 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ चातुर्मास समाप्त होगा और फिर से विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे। एक बार फिर शहनाइयों की गूंज और विवाह समारोहों की रौनक लौटेगी।

जिले में विवाह सीजन समाप्त होने के साथ ही शादी से जुड़े कारोबार की रफ्तार भी धीमी पड़ने लगी है। कारोबारियों के यहां अब अगले चार माह तक ग्राहकी सीमित रहेगी।

## आर्मी जवान के घर से चोर ने उड़ाए नकदी-जेवर

### चोरी की वारदात का सिलसिला क्षेत्रवासियों के लिए बना चिंता का विषय



**पानसेमल, (नवभारत)।** थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात का सिलसिला क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय बना है। पिछले महीनों की चोरी के खुलासे अभी तक नहीं हुए हैं कि बीती रात्रि चिखलदा में आर्मी जवान के घर पर कीमती जेवर व नगदी पर हाथ साफ किए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन ग्रामीणों के साथ थाने पर पहुंचे थे।

जानकारी अनुसार घटना ग्राम के निवासी एवं आर्मी के जवान राकेश बलिराम वानखेड़े के निवास पर अज्ञात चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। राकेश वानखेड़े भारतीय सेना में सप्लाय रेजिमेंट, लांस नायक के पद पर महू में पदस्थ है। परिवार के सदस्यों को जानकारी मिलने के बाद थाने पर घटना की सूचना की। ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर गश्त बढ़ाने की मांग की है। थाना प्रभारी विजय रावत पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं मौका मुआयना किया। फिलहाल बढ़ती चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल है तथा पिछली चोरी की वारदातों के आरोपियों को भी शीघ्र पकड़ने की मांग की है। थाना क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर मेदराणा, मातृ-पितृ कॉलोनी एवं उत्तरगली के पीछे स्थित मकान में हुई चोरी का अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम से पहले बाइक चोरी की घटना भी हो चुकी है, जिसके आरोपियों की तलाश जारी है। उप निरीक्षक एस के रघुवंशी ने बताया कि परिवार इंदौर में रहता है अभी तक वे थाने नहीं पहुंचे। घटना के दौरान कितनी रकम व नकदी राशि चोरी हुई है इसकी पूरी जानकारी फिलहाल नहीं है।

## महाविद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**पानसेमल।** प्रदेश के महाविद्यालयों में नशे से दूरी है जरुरी कार्यक्रम जारी है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर व्यख्यान का आयोजन हुआ। संस्था



प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी ने छात्रों को नशे से होने वाली बीमारियों एवं समाज एवं देश के लिए नशा को खतरा बताया एवं छात्रों को नशे दूर रहने की अपील की। डॉ सुनील बागले व डॉ लक्ष्मण रजाने ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रो विनय भोसले, डॉ आशा चौहान, छात्र-छात्राएं और स्टॉफ उपस्थित रहा।

# आलीराजपुर-झाबुआ

एक नजर में

## कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में जिला स्तरीय एनसीओआरडी, चिन्हित अपराध एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक की गई। बैठक में नारकोटिक्स और अन्य नशीले पदार्थों की रोकथाम, जिले में दर्ज गंभीर एवं चिन्हित अपराधों की समीक्षा, राहत प्रकरणों के निराकरण, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर माथुर ने जिले में दर्ज जघन्य और सनसनीखेज अपराधों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण साक्ष्यों के अभाव में अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। संवेदनशील मामलों की गंभीरता से सुनवाई कर उनका शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। एनकार्ड समिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पिछले एक माह में विभिन्न विभागों द्वारा नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने क्षेत्र में नशीले पदार्थों के उत्पादन, भंडारण तथा अवैध खरीदी-बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के आसपास विशेष निगरानी और सघन जांच अभियान चलाने, नशा मुक्ति अभियान को सभी विभागों के समन्वय से संचालित करने तथा अभियान से जुड़ी गतिविधियों को नशा मुक्ति एप्लीकेशन पर नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने औषधि निरीक्षक को मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच करने, बिना चिकित्सकीय पर्चे के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर कठोर कार्रवाई करने तथा की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## स्कूली बसों के फिटनेस की हो रेग्युलर जांच

सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) को सभी स्कूल बसों की नियमित फिटनेस जांच सुनिश्चित करने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल बस संचालकों के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा में बस के फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने तथा ऐसे वाहनों पर उनके यात्री पिकअप प्वाइंट से ही कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को अतिक्रमण हटाने, सब्जी मंडी को व्यवस्थित स्थान पर स्थानांतरित कराने तथा जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर संबंधित लोगों को उनका उपयोग नहीं करने के लिए समझाइश देने के निर्देश भी दिए।

## आलीराजपुर में नाबार्ड जिला विकास कार्यालय शुरू

**आलीराजपुर।** जिले में ग्रामीण एवं कृषि विकास गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नाबार्ड के जिला विकास कार्यालय का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। जिला विकास कार्यालय का उद्घाटन नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की मुख्य महाप्रबंधक सी. सरस्वती द्वारा किया गया।



## छह दिनी सिंहस्थ प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन योग और पीटी भी

**आलीराजपुर।** एसपी के निर्देश पर चल रहे छह दिवसीय सिंहस्थ प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रतिदिन प्रात:काल योग और शारीरिक प्रशिक्षण (पीटी) कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम, स्ट्रेचिंग एवं शारीरिक व्यायाम का अभ्यास कराया गया, जिसमें अधिकारी-कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

जानकारी अनुसार प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ, अनुशासित, ऊर्जावान एवं कठिन परिस्थितियों में कार्य करने के लिए सक्षम बनाना है। सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में ड्यूटी के दौरान लंबे समय तक सतर्कता, सहनशक्ति एवं सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में योग एवं पी.टी. महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसका उद्देश्य शारीरिक क्षमता, लचीलापन एवं सहनशक्ति में वृद्धि। मानसिक तनाव में कमी तथा एकाग्रता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि।

### बेहतर स्वास्थ्य से बढ़ती है कार्यक्षमता

रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है। अनुशासन, टीम भावना एवं कार्यकुशलता का विकास। लंबी और चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के दौरान ऊर्जा एवं कार्यक्षमता बनाए रखने में सहायक होना है।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 : आलीराजपुर में चला मेगा जागरूकता अभियान

**आलीराजपुर। मध्यप्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान में शुक्रवार को आलीराजपुर में पुलिस ने मोर्चा खोल दिया। विद्यार्थियों से लेकर ग्रामीणों तक को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया, साथ ही सड़क सुरक्षा और स्कूल बसों की सघन जांच भी की गई।**

पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले भर में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। यातायात पुलिस आलीराजपुर द्वारा जिला मुख्यालय के सहायक आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यक्रम किया गया। इसमें स्कूली बच्चों, स्काउट-गाइड और स्काउट कैडेट्स को नशे के उपयोग से शरीर, समाज और आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाले गंभीर नुकसान के बारे में बताया गया। यातायात थाना प्रभारी अर्जुन वास्केल ने बच्चों से अपील की कि वे अपने परिवार, गांव और मोहल्ले में नशे के दुष्परिणाम बताकर परिजनों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। वास्केल ने ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी दी, सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता से अवगत कराया और सभी से यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलवाई।

### 65 स्कूल बसों की जांच में 39 पर चालानी कार्रवाई



### स्कूल बसों पर बड़ी कार्रवाई

स्कूल बस चेकिंग अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में संचालित 65 स्कूली वाहनों की जांच की गई। इसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 39 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 21,300 रुपये समन शुल्क वसूला गया। अर्जुन सिंह वास्केल ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को क्षमता से अधिक सवारियों वाले वाहन में न बैठाएं।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक 20 जुलाई को

**आलीराजपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए 20 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय अलीराजपुर के सभाकक्ष में बैठक कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में रजिस्ट्रेशन 31 तक

**आलीराजपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 के लिए फसल बीमा पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के कृषकों से अपील की है कि वे अपनी फसलों का बीमा निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तक अवश्य करा लें, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली संभावित फसल क्षति की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। खरीफ वर्ष 2026 के लिए जिले में धान (सिंचित), सोयाबीन, मक्का, बाजरा, अरहर, ज्वार, कपास, उड़द एवं मूंग फसलें अधिसूचित हैं। खाद्यान्न एवं तिलहनी फसलों पर कृषकों को बीमित राशि का 2 प्रतिशत तथा कपास पर 5 प्रतिशत प्रीमियम देय होगा। योजना का लाभ लेने के लिए कृषक आधार कार्ड, खसरा-खतौनी/बी-1, बुवाई प्रमाण-पत्र एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति सहित संबंधित बैंक शाखा, जन सेवा केंद्र, अधिकृत बीमा प्रतिनिधि अथवा PMFBY पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

एक नजर — पुरुष कुर्ता-पायजामा और दुपट्टा धारण कर चले, यात्रा के बाद महाआरती और महाप्रसादी भी

# ढोल-ताशों के बीच जय जगन्नाथ के जयघोष संग निकली भव्य रथयात्रा

**झाबुआ।** श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ प्रभुजी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा बैंड-बाजों, ढोल-ताशों के साथ अत्यंत ही उत्साह और उमंग तथा धार्मिक वातावरण के मध्य निकाली गई। यात्रा को कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट एवं पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा प्राचीन श्री जगदीश मंदिर पर भगवान की पूजा-अर्चना कर एवं रथ को खींचकर तथा रथ के आगे झाड़ू निकाली गई।



रथ यात्रा के बाद श्री जगदीश मंदिर पर भगवान की महाआरती एवं महाप्रसादी (भंडारे) का भी आयोजन हुआ। आयोजक श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार भगवान की भव्य रथ यात्रा कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से शाम 5 बजे निकाली गई। यात्रा में आगे बैंड-बाजों और ढोल-ताशों से पूरा शहर गूंजायमान हुआ। यात्रा में युवाओं द्वारा उत्साहपूर्वक भगवान श्री जगन्नाथ के सामूहिक जयघोष लगाएं गए। श्री जगदीश मंदिर पर यात्रा समिति के सदस्यों को केसरिया तिलक के साथ केसरिया दुपट्टा पहनाया गया। चल समारोह में शहर के भक्तजनों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पुरुष वर्ग एक जैसी वेशभूषा कुर्ता-पजामा में नजर आया। यात्रा में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी और ज्योति दीदी के साथ शहर की सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं से जुड़े गणमान्यजनों ने भी भाग लिया।

यात्रा में रथ पर भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा ने विराजमान होकर शहर का भ्रमण किया और भक्तों के हाल-चाल जाने। रथ को खींचकर युवाजनों द्वारा चलने के साथ महिला-पुरुष श्रद्धालु द्वारा रथ के आगे झाड़ू लगाई गई।